# कला महोत्सव में भाग लेने करौली का दल रवाना

**करौली( निंसं. )।** अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 6 एवं 7 नवंबर को मंडफिया चित्तौड़गढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कला महोत्सव में भाग लेने के लिए करौली जिले का 15 सदस्यीय दल रवाना हुआ।

दल प्रभारी मुकेश कुमार मीणा और सह प्रभारी मनीषा पूनिया के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं संगीत गायन, संगीत वादन,एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य,पेंटिंग प्रतियोगिता, कहानी,नाटक,दृश्य कला,सुषिर वाद्य यंत्र एवं विभिन्न विधाओं में राज्य स्तर पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

गौरतलब है कि ये सभी विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता रहे हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडफिया चित्तौड़गढ़ में किया जा रहा है। जिसमें सर्वाधिक स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के 11 विद्यार्थियों का समूह है,सभी विद्यार्थियों को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कि अठिाम शुभकामनाएं के साथ रवानगी दी।दल कि रवानगी के समय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के प्रतिनिधि के रूप में राजेश कुमार मीना भी उपस्थित रहे।

# अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों की नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा आवेदन 20 तक

**करौली (निंसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नहीं हुए हैं, उनकी नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा कार्यालय जिला कलक्टर, करौली द्वारा माह दिसम्बर 2025 के अंतिम सप्ताह या जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित करवाई जावेगी। जिसके आवेदन पत्र दिनांक 20 नवम्बर 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी आवेदन पत्र जिले की वेबसाईट से डाउनलोड कर 20 नवम्बर तक भरकर कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निम्न आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिनमें, नियुक्ति आदेश की सत्यापित प्रति, सेवापुस्तिका के प्रथम पृष्ठ एवं उपस्थिति रिपोर्ट की सत्यापित प्रति, जिला कलेक्टर, करौली के नाम 500 रुपये शुल्क का बैंक ड्राफ्ट, कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जारी कार्मिक का पहचान पत्र मय एमप्लॉय आईडी तथा आधार कार्ड इस कार्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# देव दिवाली पर श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर में किया गया दीपदान

**भरतपुर ( निस )।** देव दिवाली के पावन अवसर पर डीग शहर में स्थित प्राचीन श्री गंजेवश्वर महादेव मंदिर में बुधवार की संध्या को भक्ति और आस्था से ओतप्रोत वातावरण में 1100 दीपों के साथ दीपदान किया गया। महादेव मंदिर का प्रांगण हजारों दीपों की ज्योति से आलोकित हो उठा, जिससे सम्पूर्ण वातावरण दिव्य और मंगलमय बन गया। इस अवसर पर पंडित पुनीत शांडिल्य ने बताया कि देव दिवाली वह शुभ क्षण है जब देवता स्वयं स्वर्ग से उतरकर पृथ्वी पर गंगा स्नान करने आते हैं।

# भाजपा कार्यालय पर हुई एसआईआर कार्यशाला सम्पन्न

- **कार्यशाला में मतदाता सूची का पुनरीक्षण की जानकारी प्रदान की गई**

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर भरतपुर विधानसभा की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राज्य एसआईआर समिति की सदस्य निमिशा गौड रही। तथा विशिष्ठ अतिथियों में पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, पूर्व वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गौड एवं मोहन रारह, तथा जिला महामंत्री बृजेश अग्रवाल एवं गोविन्द चौधरी, रूपेन्द्र सिंह जघीना तथा विधानसभा संयोजक मुकेश सिंघल रहे। इस कार्यशाला में मतदाता सूची का पुनरीक्षण की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता निमिशा गौड ने सभी बीएलए 2 को प्रशिक्षित कर बताया कि अपने क्षेत्र की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किस प्रकार करना है। अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क कर सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवान सुनिश्चित करें। जिन मतदाताओं तक बीएलओ नहीं पहुंच पाया है। उनको बीएलओ तक पहुचाने का कार्य करें। यदि किसी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता है तो वह इसकी सूचना बीएलए 1 को दें। और जिस बूथ के वोट जहां शिफ्ट हो रहे हैं उसकी जानकारी मण्डल अध्यक्ष और बीएलए 1 के साथ साझा करें। नये मतदाताओं को जोडने हेतु फार्म 6 भरें। एवं विधानसभा के अन्दर पता बदलवाने हेतु फार्म 8 भरें। और संशोधन हेतु फार्म 7 भरें। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने अपने उद्बोधन में कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान।

यह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों में चलाया जा रहा मतदाता सूची अपडेटेशन का एक कार्यक्रम है। यह अभियान सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं है, यह लोकतंत्र को सशक्त करने का राष्ट्रीय पर्व है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गोविनद चौधरी ने किया। कार्यशाला में जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी, जिला आईटी सहसंयोजक सुनील सहनावली, तथा भरतपुर विधानसभा के सभी मण्डल अध्यक्ष जिनमें चन्द्रवीर जघीना, संजीव शर्मा, जीतू फौजदार, मोनू काजलवाला, प्रकाश सुनारी तथा सभी बूथों के बीएलए 2 उपस्थित रहे। जिनमें कुंवर सिंह ततामड, नीरज चौधरी, नरेश जाटव, प्रभाकर फौजदार, तेजराज सिंह इन्दौलिया, हेमन्त शर्मा, कल्पेश शर्मा, ओमेन्द्र भारद्वाज, जयप्रकाश, राकेश सोगरवाल, राकेश वर्मा, प्रवीण फौजदार, राजेश मौरोली, पुष्पेन्द्र, हरिमोहन शर्मा, मुकेश पीपला, नरेन्द्र बराखुर, दलवीर बीलौठी, दीपू पंडित, गिरीश भारद्वाज, प्रकाश सिंह डागुर, अनामिका चौधरी, शैलू कुन्तल, योगा सहनावली, सौरभ शर्मा, लक्ष्मण सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य शुरू

- **विधानसभा क्षेत्र करौली, टोडाभीम, हिण्डौन एवं सपोटरा में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया गया**

**करौली(निंसं.)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में कार्य 28 अक्टूबर से शुरू हो चुका है इस संबंध में बीएलओ द्वारा आज मंगलवार से घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य 4 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसी क्रम मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र करौली, टोडाभीम, हिण्डौन एवं सपोटरा में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण एवं संठाहण का कार्य किया गया।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाताओं की वर्तमान जानकारी को वर्ष 2002 में तैयार हुई एसआईआर मतदाता सूची के साथ मैपिंग या लिंकेज स्थापित करना है जिन मतदाताओं की मैपिंग बीएलओ द्वारा कर दी जाएगी, उन्हें संपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। गणना चरण के दौरान भी किसी मतदाता से दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। जिले के सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे जब बीएलओ उनके घर आएं तो समय पर गणना प्रपत्र भरकर उन्हें दें। यह पहल न केवल निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगी, बल्कि लोकतंत्र में एक सजग नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# सडक किनारे नवजात के मिलने से क्षैत्र में फैली सनसनी

**गंगापुर सिटी ।** समीपवर्ती बरनाला तहसील मुख्यालय क्षेत्र में बुधवार तडके सडक किनारे एक नवजात लावारिस अवस्था में मिला। ग्रामीणों को सुबह शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उन्होंने पास जाकर देखा तो खुले में मिट्टी पर एक नवजात पडा हुआ था। इसकी सूचना तत्काल बाटोदा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी फतेलाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नवजात को अपने कब्जे में लिया और तत्काल राजकीय जिला अस्पताल गंगापुर सिटी पहुंचाया।

# आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की न्यायिक बैठक 7 नवंबर को

- **महापंचायत के समक्ष प्रस्तुत विवादों और प्रकरणों से संबंधित पक्ष विपक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहें**

**करौली( निंसं. )।** आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की नियमित न्यायिक बैठक अपरिहार्य कारणों से पिछले दो माह से नहीं हो पा रही थी। कोर कमेटी के निर्णय अनुसार अब 7 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे मीना समुदाय की सर्वोच्च हथाई शांतवीर नगर स्थित मीणा धर्मशाला श्रीमहावीरजी में आहूत की गई।

आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से सभी पंच पटेल इसमें आमंत्रित हैं और सभी से महापंचायत की ओर से आठाह है कि सभी पंच पटेल महापंचायत की न्यायिक बैठक में भाग लेकर महापंचायत के समक्ष विचाराधीन मीना समुदाय के आंतरिक विवादों से सम्बन्धित मामलों पर विचार, मंथन और सुनवाई करके निर्णय करने की प्रक्रिया में सहयोग करें।

महापंचायत के समक्ष प्रस्तुत विवादों और प्रकरणों से संबंधित पक्ष विपक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहें और संबंधित पंच पटेल भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का श्रम करें। ताकि बाद में विपरीत विरोधाभास प्रकट नहीं हो। महापंचायत के कार्यवृत्तानुसार बैठक में अनुपस्थित रहने का कारण अमान्य होगा और सर्व सम्मति से पंच पटेलों द्वारा लिए जाने वाले सभी निर्णय सम्पूर्ण समुदाय में मान्य होंगे।

# राधा कृष्ण को लगाए छप्पन भोग, सजाई झांकी

**गंगापुर सिटी ।** समीपवर्ती ढाय गांव में कार्तिक पूर्णिमा पर कार्तिक स्नानक रने वाले पुरूषो व महिलाओ ने राधा कृष्ण मंदिर में भगवान को छप्पन भोग लगा कर झांकी सजाई। इस दौरान आयोजित संकीर्तन में महिला पुरूषो ने एक से बढ कर एक भजनो की प्रस्तुती दे कर सभी का मन मोह लिया। समापन पर सभी ने सामूहिक आरती की एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान किलाण पटेल, पप्पू भगत, पद गायक शेर सिंह, मोहन लाल, बीरवल सहित सैकडो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसआईआर कार्यक्रम को जांचने अधिकारी पहुंचे गांव-गांव

**भरतपुर ( निस )।** जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 (एसआईआर) के अन्तर्गत बुधवार को जिलेभर में अधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर आम मतदाताओं से संवाद किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र बयाना के मतदान केन्द्र वीरमपुरा, मतदान केन्द्र सालाबाद, मतदान केन्द्र अघावली, मतदान केन्द्र रूदावल, मतदान केन्द्र दाहिनागॉव का अवलोकन किया। उन्होंने अवलोकन के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन की पालना करते हुए पारदर्शिता से कार्य कर मतदाताओं का सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को एसआईआर के बारे में बताते हुए प्रपत्र उपलब्ध कराने एवं मैपिंग के लिए दस्तावेजों की जानकारी देने के निर्देश दिए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) सचिन यादव ने विधानसभा क्षेत्र, नदबई में नदबई कस्बा, मतदान केन्द्र बैलारा, मतदान केन्द्र नाम, मतदान केन्द्र गादौली का निरीक्षण किया गया। उपखण्ड अधिकारी द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को गणना प्रपत्र निर्धारित समयावधि में वितरण, मैपिंग एवं गणना प्रपत्र संग्रहण के कार्य के संबंध में निर्देशित किया गया।

# मां कैला देवी सेवा संस्थान की आमसभा संपन्न

**गंगापुर सिटी।** मां कैला देवी सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को भगवती पैलेस में संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर गणपति कृपा समारोह मनाया गया। समारोह के सहभोज में आने वाले सभी आगुंतकों का संस्थान द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर आमसभा का आयोजन हुआ। आमसभा में संस्थान के पदाधिकारीयों के चुनाव निर्वाचन अधिकारी आलोक गोयल एडवोकेट की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर दिनेश चंद गुप्ता तमोलीपुरा वाले, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता कोर्ट वाले, सचिव पद पर रमेश चंद तिवारी, कोषाध्यक्ष नवल गुप्ता रिटायर्ड बैंक अधिकारी को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी आलोक गोयल एडवोकेट द्वारा सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। आमसभा में नवीन कार्यकारिणी गठन करने के लिए पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संस्थान प्रवक्ता वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि आमसभा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा मां कैला देवी दरबार में छप्पन भोग आयोजन कराए जाने को लेकर चर्चा की। सचिव रमेश चंद्र तिवारी ने छप्पन भोग कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिस पर सभी सदस्यो ने माता रानी के छप्पन भोग का आयोजन करने की सहमति प्रदान की जिसके लिए कमेटी का गठन पर आगे की कार्य योजना आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर राकेश मंगल, लक्ष्मीनारायण प्रॉपर्टी, वेद प्रकाश मंगल, राजेंद्र वैष्णव, विजय मित्तल, सुमेर गुप्ता, सतीश अग्रवाल, धन सिंह गुर्जर, घनश्याम शर्मा, राजकुमार खंडूजा, जितेंद्र बुक सेलर, देवकीनंदन, राहुल बजाज, लक्ष्मण गुप्ता, महेश पडासोद, महादेव प्रसाद, दिनेश मालधनी, श्रीमती अनीता पंसारी, हंसा जिंदल, राजेंद्र प्रसाद, अनिल गुप्ता, वेद प्रकाश मेडिकल,गिरधारी आदि सहित संस्थान के सैकडो सदस्य उपस्थित थे।

# नगर परिषद ने नहर रोड क्षैत्र में कराई फोगिंग

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद ने नहर रोड क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए फॉगिंग अभियान शुरू किया। यह अभियान आयुक्त एवं एसडीएम बृजेन्द्र मीणा के निर्देश पर स्वास्थ्य निरीक्षक पिन्टू राम मीना की देखरेख में चलाया गया। अभियान के तहत नहर रोड, कब्रिस्तान, मोक्षधाम और गोशाला के आसपास के इलाकों में फॉगिंग की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मानसून के बाद डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। जन स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने यह कदम उठाया है। फॉगिंग अभियान में नवीन कुमार और जमादार के नेतृत्व में एक टीम ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस दौरान, आयुक्त बृजेन्द्र मीणा ने नागरिकों से अपने आसपास सफाई बनाए रखने और कहीं भी पानी जमा न होने देने की अपील की।

# भरतपुर में गुरू नानक देव का आगमन पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

**भरतपुर ( निस )।** गुरु नानक देव का आगमन पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया बुधवार को सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व को बड़ी श्रद्धा एवं हर्षौल्लास से मनाया गया. गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पाई बाग भरतपुर में सुबह 9.30 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के साथ ही मुख्य दीवान दोपहर 12.,30 बजे तक सजाया गया। जिसमें भाई अश्विंदर सिंह दिल्ली वाले एवं भाई राजेंद्र सिंह खालसा ने कीर्तन सेवा की. ष्कल तारण गुरु नानक आया एवं जाहरपीर जगतगुरू बाबा बाणी का जाप कराया गया। हरिकिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रभु स्तुति कर भाव विभोर कर दिया। छोटे बच्चों हरदीप, प्रभुजोत एवं गुरमेहर सिंह ने कविता पाठ किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा भी गुरुपर्व की सभी को बधाई दी गई.सिंह सभा प्रधान सरदार इंदरपाल सिंह द्वारा उन्हें सरोपा प्रदान किया गया. सिंह सभा सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया द्वारा संचालन करते हुए सभी के लिए मंगल कामना की एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। समागम पश्चात अटूट लंगर सेवा की गई। जिसमें हजारों लोगों द्वारा लंगर ग्रहण किया गया।

## गुरू नानक देव के प्रकाश उत्सव पर रही धूम

**गंगापुर सिटी।** रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारा साहिब में बुधवार को गुरुनानक देव का प्रकाश उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

गुरुनानक सभा के देखरेख में 29 अक्टूबर से प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, जिसका बुधवार को विधिवत समापन हुआ। इसके साथ ही सहज पाठ का भी समापन किया गया। पाठ समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक शबद-कीर्तन किया और गुरुचरणों में अरदास अर्पित की। इस अवसर पर ज्ञानी निर्मल सिंह और गुलशन नागी ने गुरु नानक देव जी की जीवन शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

# पंचकर्म यूनिट के विकास के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत

- **गंगापुर सिटी आयुर्वेदिक अस्पताल का अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण**
- **आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है**

**गंगापुर सिटी( निसं ) ।** फव्वारा चौक स्थिंत राजकीय जिला आयुर्वेदिक अस्पताल का बुधवार को आयुर्वेद विभाग अजमेर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश मीणा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्टाफ से चिकित्सा सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

डॉ. मीणा ने जानकारी दी कि चिकित्सालय में पंचकर्म यूनिट के विकास के लिए विभाग की ओर से 20 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस राशि का उपयोग पंचकर्म यूनिट के निर्माण और अन्य आवश्यक सुधार कार्यों के लिए किया जाएगा।

इससे मरीजों को बेहतर आयुर्वेदिक उपचार और आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता और सेवा भावना के साथ कार्य किया जाना चाहिए। डॉ. मीणा ने मरीजों से भी अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के समय चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुंजीलाल मीणा, पंचकर्म प्रभारी डॉ. मुक्तदीर अहमद खान, डॉ. आनंद बिहारी शर्मा, डॉ. विपिन बिहारी, डॉ. केशव प्रसाद वर्मा, डॉ. दीक्षा जाजोरिया सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

# गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने नगर को दी 8.45 करोड़ रुपये की सौगात

- **गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने एक ही दिन में ट्रॉमा सेंटर, नवीन सीएचसी भवन, स्टेडियम और सडक का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

**डीग भरतपुर ( निस )।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बुधवार को डीग जिले के नगर विधानसभा क्षेत्र में 8.45 करोड़ रुपये की लागत के स्वास्थ्य सेवाओं और सड़क निर्माण के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

गृह राज्य मंत्री ने डीग के गांव खोह में 575 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि इस आधुनिक अस्पताल के बनने से खोह और आस-पास के दर्जनों गाँवों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएँ अपने ही घर के पास मिल सकेंगी।

गुलपाड़ारू 200 लाख के ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण, बचेगा हर कीमती जीवन बेढ़म ने गांव गुलपाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 200 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रॉमा सेंटर के शुरू होने से दुर्घटना या आपात स्थिति में घायलों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सकेंगी ।जिससे हर कीमती जीवन को बचाया जा सकेगा। जबकि पहले घायलों को इलाज के लिए भरतपुर या जयपुर जाना पड़ता था। यह लोकार्पण क्षेत्र की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है।

क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के अपने वादे को पूरा करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढम बेढ़म ने ग्राम बेरू में 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि यहाँ के युवा खेलों में आगे बढ़ें और इस स्टेडियम से निकलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।

विकास की गति को तेज करते हुए बेढ़म ने बड़ेसरा में 40 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 2.50 किमी. लम्बी डीग-नगर रोड से बड़ेसरा संपर्क सड़क के डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस सड़क के बनने से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। जिसके लिए स्थानीय लोगों ने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का आभार जताया।

अपराधी अब अपराध करने से पहले 100 बार सोचता है । उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए, गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने विकास के साथ-साथ सुदृढ़ कानून-व्यवस्था की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा जो दो वर्ष पहले गाँवों में गुंडागर्दी और गरीब को परेशान करने के षड्यंत्र चल रहे थे।प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उनमें भारी कमी आई है। अब अपराधी अपराध करने से पहले 100 बार सोचता है।बेढ़म ने कहा, ष्मुझे यह महसूस होता है कि आप जितना प्यार अपने बेटों और भाइयों से करते हैं, उतना ही प्यार जवाहर बेढ़म से करते हैं।उन्होंने विकास के प्रति अपना दृढ़ संकल्प दोहराते हुए कहा विकास में जहां भी कोई कमी दिखे आप मुझे बताए उसे पूरा करना आपके इस बेटे का संकल्प है। इन कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों द्वारा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का 11 को होगा शुभारंभ

**हिण्डौन सिटी** (निसं) । करौली जिले में जीवन ज्योति फांउण्डेशन के तत्त्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ 11 नवंबर को प्रात: 11 बजे राजकीय आयुर्वेद औषधालय सूरौठ में किया जायेगा । जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंद मोहन सुमन के द्वारा नेत्र रोगियों की जाँच की जायेगी । फाउण्डेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि जीवन ज्योति फाउंडेशन विगत पांच वर्षों से जिले सहित राज्य भर में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। टीम द्वारा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्तदान, रोटी बैंक के माध्यम से भोजन वितरण, नि:शुल्क नेत्र जाँच व चिकित्सा शिविर, वस्त्र वितरण, शीतल जल प्याऊ आदि माध्यमों से कार्य कर रही है,जो बेहद पुण्य का कार्य है। नेत्र चिकित्सा व जांच शिविर लगाकर क्षेत्र के जरूरत मन्द मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे है। डॉ.घनश्याम व्यास और ओमवीर चौधरी ने बताया कि फाउंडेशन का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक पंचायत स्तर, गांव गांव, ढाणी ढाणी में जाकर जिले से मोतियाबिंद को खत्म करना है। जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाया है शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर टीम द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें टीम के संचालक ओमप्रकाश डागुर, डॉ. घनश्याम व्यास, प्रमोद तिवारी, ओमवीर चौधरी बेरखेड़ा,असलम खान, मुकेश शर्मा , भूपाल सिंह पीटीआई, विश्राम मीणा, सतीश मदेरणा आदि मौजूद रहे ।

### इंदरगढ़ माता को अन्नकूट का भोग लगाया, जागरण में झूमे श्रोता

**गंगापुर सिटी ।** मां इंदरगढ़ बिजासन सेवा समिति के द्वारा मंगलवार को इंदरगढ़ दरबार जिला बूंदी में अन्नकूट का आयोजन किया गया। इंदरगढ़ स्थित गंगापुर सिटी वालो की धर्मशाला में जागरण आयोजित किया गया। म्यूजिकल ग्रुप के मनोज शर्मा एन्ड पार्टी द्वारा माता रानी की एक से एक भेंट सुनाकर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर कर दिया। बुधवार प्रातः 7 बजे माता रानी की 108 मीटर लंबी विशाल चुनरी को सैकड़ो भक्तो ने अपने हाथों में लेकर जयकारा लगाते हुए माता रानी के दरबार पहुंचे, माता रानी को चुनरी भेंट कर दर्शन कर मन्नत मांगी। कार्यक्रम में करौली हिंडौन कुड़गांव गंगापुर क्षेत्र के सैकड़ो भक्तगण शामिल हुए। प्रातः 9 बजे गंगापुर वालों की धर्मशाला में कन्याओं को भोजन कराने के साथ भंडारे में पंगत पर प्रसादी वितरण की गई।

### मरीज के परिजन ने जताया डॉक्टर्स टीम एवं ब्लड बैंक का आभार

**गंगापुर सिटी ।** जयपुर रोड स्थित सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में गंभीर परिस्थितियों में आई मरीज की मिला दूसरा जीवनदान सीपी हॉस्पिटल के जनरल डॉ. देशराज मीणा ने बताया की छोटी उदेई गांव से आई मरीज सर्वोदरा देवी उम्र 55 साल का हीमोग्लोबिन 1.2 और सैचुरेशन 70६35 था और प्लेटलेट 6000 थी उनको आईसीयू में तीन दिन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना द्वारा इलाज किया गया और हर तरह की गंभीर परिस्थितियों में लगातार डॉक्टर एवं मेडिकल टीम की मौजूदगी में हर संभव इलाज दिया गया अब मरीज बिल्कुल स्वस्थ है मरीज के परिजनों ने हॉस्पिटल परिवार एवं डॉक्टर्स टीम एवं सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम जिन्होंने हर परिस्थिति में मरीज को रक्त मुहैया करवाकर मरीज को जीवनदान दिया उन्होंने सबका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है उनको डिस्चार्ज करके घर भेज दिया है वर्तमान में सीपी हॉस्पिटल के अंदर सभी तरह की इमरजेंसी ट्रॉमा, हाइपरटेंशन, फूड प्वाइजनिंग, पैरालिसिस,स्नेक बाइट ग्रस्त मरीजों, को स्वस्थ करके घर भेजा जा रहा है इस दौरान सीपी हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. देशराज मीणा, जनरल सर्जन डॉ. सचिन सिंह , ब्लड बैंक इंचार्ज सचिन शर्मा, इमरजेंसी टीम में देवेंद्र शर्मा,प्रकाश बैरवा ,नरेंद्र मीणा, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मिथिलेश बैरवा, चेतराम, पवन शर्मा,वामिश आदि मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

### गांव भवनपुरा में रास्ते की समस्या पिछले 3 साल, रास्ता बेहद खराब

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर के जघीना ग्राम पंचायत के गांव भवनपुरा में रास्ते की समस्या पिछले 3 साल से बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बेहद खराब है और बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, पानी निकासी नहीं होने से पानी जमा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें हमेशा डर लगा रहता है कि बड़े-बड़े वाहन यहां से निकलते हैं और कब पलट जाएं। छोटे-छोटे बच्चों को घर से बाहर नहीं जाने देते हैं क्योंकि उन्हें चोट लगने का खतरा रहता है। आए दिन लोग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। टू व्हीलर और साइकिल सवार लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने कई बार विधायक, सरपंच और जिला प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन समस्या जस की तस है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है.जिसके चलते ग्रामीण परेशान है. ग्रामीणों की मांग है कि समस्या का समाधान किया जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### देव दीपावली के अवसर पर अन्नकूट एवं सुंदरकांड पाठ आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** कार्तिक मास की पूर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर लायंस क्लब भरतपुर रॉयल द्वारा किला में बिहारी जी के परिक्रमा मार्ग में स्थित हटीले हनुमान जी मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष बीएम गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर फूल बंगला सजाया गया। मीडिया प्रभारी अमित खंडेलवाल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ में सुनील एंड पार्टी द्वारा अपने भजनों के माध्यम से लोगों को भक्ति में सराबोर कर दिया। क्लब सचिव रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि क्लब के सदस्यों के अलावा मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों ने भी अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की तथा फूल बंगला झांकी के दर्शन किये। क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने बताया कि ब्रज में अन्नकूट प्रसादी का विशेष महत्व माना गया है। जोन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता ने बताया कि अन्नकूट को ब्रज में गिरिराज जी का प्रिय भोग माना जाता हैं। कार्यक्रम के संयोजक शैली शर्मा रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मनु राणा, सुनील मित्तल, निरपेश अग्रवाल, सत्यव्रत आर्य, मंगतूराम बंसवाड़ा, संजय गुप्ता, डॉ रोहित भारतीय, लोकेंद्र बरसो, संजय चौधरी, कुमुद गोयल, डॉ. अनुपमा शर्मा, श्वेता गुप्ता, कविता वर्मा, आशु गोयल, पारुल गोयल, कविता सिंह, ज्योति आर्य, नेहा गोयल, महिमा चौधरी, नेहा भारतीय आदि मौजूद रहे।

### हजारीपुरा में पुस्तकालय का हुआ शुभारम्भ

**करौली( निंसं. )।** हजारीपुरा के राज्यस्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक शान्तनु पाराशर ने हजारीपुरा गाँव के प्रतियोगियों के सपनों को पूरा करने के लिये गाँव में ही उच्च गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय बनाने के लिये दीपावली को लिये संकल्प को देवदीपावली के दिन करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के करकमलों से शुभारम्भ करवाकर पूर्ण किया है। हजारीपुरा गाँव के प्रतियोगियों विशेषकर बेटियों को पुस्तकालय अध्ययन के लिये करौली आने जाने पर कई प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था व समय भी वहुत ज्यादा व्यर्थ होता था जब यह बात उन्होंने दीपावली पर गाँव मिलने आये स्थानीय विद्यालय राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के शिक्षक शान्तनु पाराशर के समक्ष रखी तो उन्होंने उसी दिन संकल्प लिया कि मैं गाँव के बेटे-बेटियों के सपनों को पूरा करने के लिये गाँव में ही पुस्तकालय तैयार करूँगा जिससे कि गाँव के प्रतियोगी नि:शुल्क रूप से गाँव में ही श्रेष्ठ तरीके से पुस्तकालय में अध्ययन कर सकें।

### गुरूनानक देव का 556वॉ प्रकाश पर्व बडी धूमधाम से मनाया

**भरतपुर** (निस)। गुरूद्वारा संत बाबा नत्था सिंह गली 14 महादेव गंगा मंदिर भरतपुर पर ग्वारिया सिक्ख समाज द्वारा गुरूनानक देव का 556वॉ प्रकाश पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर 3 नबम्वर को आरम्भ अखण्ड पाठ साहिब का आयोजन किया गया। 5 नबम्वर को भोग श्री अखण्ड पाठ साहिब व शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत गुरू का अटूट बरताया गया। इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई व रात्रि को आतिशबाजी का आयोजन किया गया।